बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

कार्यालय आदेश

संख्या–अ0स0क0–01–52/2026...671.../ पटना, दिनांक...6/10/26.../

मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना के पत्र संख्या–D2026108302 दिनांक–05.10.2026 द्वारा राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सेवा वितरण तंत्र एवं सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर ध्यान आकृष्ट करने हेतु आम नागरिकों द्वारा समय–समय पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कतिपय सुझाव तथा शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय के स्तर पर CM Quick Response Team (CM QRT) का गठन किया गया है।

उक्त CM Quick Response Team (CM QRT) का दायित्व है कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों से संबंधित पोस्ट का संकलन कर उसी दिन संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संबंधित जिला के जिला अधिकारी/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से दूरभाष से वार्ता कर आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 24 घंटों के अन्दर करायेंगे।

उक्तालोक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के स्तर पर विभागीय Quick Response Team (QRT) का गठन किया जाता है, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारी/कर्मी रहेंगे:–

क्र०सं०	नाम	पदनाम	मोबाईल नं०
01	श्री बैद्यनाथ प्रसाद	सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना।	7543859697
02	श्री मोहसीन रहमान	प्रोग्रामर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना।	9162172323

उक्त दोनों पदाधिकारी/कर्मी को निदेशित किया जाता है कि वे विभाग से संबंधित विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कतिपय सुझाव एवं शिकायतों का अनुश्रवण कर 24 घंटे के अन्दर त्वरित कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में CM Quick Response Team (CM QRT) के श्री कुमार ओमकेश्वर, उप सचिव (मो०–8757286062) एवं श्री नितीश चंद्र धारिया, पुलिस उपाधीक्षक (मो०–9708719488) से समन्वय स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करेंगे।

2. प्रस्ताव पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(सुनील कुमार सुबन्धु)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– अ0स0क0–01–52/2026...4164.../ पटना, दिनांक–...6/10/26.../

प्रतिलिपि :– सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना को उनके पत्र संख्या–D2026108302 दिनांक–05.10.2026 के प्रसंग में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी उप निदेशक/सहायक निदेशक/जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री बैद्यनाथ प्रसाद, सहायक निदेशक/श्री मोहसीन रहमान, प्रोग्रामार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना के पत्र संख्या–D2026108302 दिनांक–05.10.2026 की छायाप्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु०:–यथोक्त।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के निदेश के साथ प्रेषित।

6/10/20

सरकार के उप सचिव